# पंजाब की संस्कृति का अनुभव, व्यंजन का स्वाद

## राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में पंजाब की पारंपरिक- सांस्कृतिक विरासत पर प्रदर्शनी

**भोपाल, 30 नवंबर. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल में आयोजित 'पंजाब की पारंपरिक सांस्कृतिक विरासत' पर आधारित विशेष प्रदर्शनी के दूसरे दिन रविवार को पंजाब के ग्रामीण परिवेश, कृषि जीवन, धार्मिक परंपराओं और सामाजिक संरचना को दर्शाने वाली 100 से अधिक वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया है, जिनमें पंजाब की फुलकारी के कुर्ते सलवार, दुपट्टे, क्रोशिये से बुने गए कपड़े शामिल है.**

प्रदर्शनी स्थल पर लगाए गए पंजाबी झूले, ट्रैक्टर सेल्फी-पॉइंट और ग्रामीण परिदृश्य ने वातावरण को आकर्षक बना दिया. लोगों ने पंजाब के छोले-चावल, राजमा-चावल, कढ़ी-चावल, मक्के की



रोटी, सरसों का साग, अमृतसरी कुल्चे, पिन्नी, चिक्की, रेबड़ी, लस्सी सहित अन्य व्यंजनों का स्वाद लिया. संग्रहालय द्वारा प्रदर्शनी स्थल को पंजाब की अमृतसर की गोल्डन टैम्पल के आध्यात्मिक धारा को प्रतिबिंबित करने वाले तत्व गुरु परंपरा, प्रतीक-स्थापना से सुसज्जित किया गया था. इस दौरान कलाकारों ने पंजाबी सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए. संग्रहालय निदेशक प्रो अमिताभ पांडे ने कहा कि पंजाब की संस्कृति, कृषि, संगीत, सामाजिक संरचना पर आधारित यह प्रदर्शनी न केवल ज्ञानवर्धक सिद्ध हुई, बल्कि सांस्कृतिक अनुभवों को साझा करने का एक अनूठा मंच भी प्रदान किया.



# एक घंटे में बताई संघ की विचारधारा और उद्देश्य

▸ संस्कार भारती ने लघु नाटक सिद्धवट का किया मंचन

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 30 नवम्बर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रविवार को संस्कार भारती कार्यालय परिसर में सिद्धवट नामक लघु नाट्य का प्रथम मंचन किया गया.**

संघ की विचारधारा, कार्यपद्धति और लक्ष्य के बारे में लोगों के मन में उठने वाले प्रश्नों का सरल और प्रभावी उत्तर इस प्रस्तुति के माध्यम से देने का प्रयास किया गया. नाटक का लेखन सुप्रसिद्ध साहित्यकार सतीश दवे और निर्देशन का रंगकर्मी संजय मेहता ने किया. लगभग एक घंटे की इस प्रस्तुति में संघ को एक विशाल वृक्ष के रूप में रूपायित किया गया, जिसकी शाखाओं और पत्तों के रूप में कार्यकर्ता देश और विदेश में सांस्कृतिक एकता, समरसता और समन्वय का संदेश देते दिखाई दिए. योगेंद्र सभागृह में आयोजित इस प्रथम मंचन में कला, साहित्य से जुड़े अनेक लोग उपस्थित रहे. आयोजकों ने बताया कि आने वाले दिनों में इस नाटक का अन्य स्थानों पर मंचन किया जाएगा.

# यूज लोकेटर, ग्रीन पैराडाइज ने जीते मैच

## हुकुम सिंह स्मृति ग्रीन पैराडाइज़ कप क्रिकेट प्रतियोगिता

**भोपाल, 30 नवंबर. ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति अखिल भारतीय ग्रीन पैराडाइज़ कप क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को यूज लोकेटर और ग्रीन पैराडाइज की टीमें जीतीं.**

पहला मैच यूज लोकेटर और भोपाल टाइगर्स के बीच खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाज़ी करते हुए यूज़ लोकेटर ने 147/8 रन बनाये. जवाबी पारी खेलते हुए भोपाल टाइगर्स की टीम 146/10 रन बनाकर आउट हो गई. दूसरा मैच ग्रीन पैराडाइज विरुद्ध भोपाल फीनिक्स टीमों के बीच हुआ. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हाई ग्रीन पैराडाइज ने कप्तान



हमज़ा रऊफ के आतिशी 91 रन ,दिव्यांशु यादव के 29 रन और साबिर मोहम्मद के 31 रनों की मदद से 232/8 रनों का विशाल स्कोर बनाया. जवाबी पारी खेलते हुए भोपाल फीनिक्स की टीम 64/10 रन बना सकी और मैच को 168 रनों के विशाल अंतर से हार गई. मैन ऑफ द मैच फैज़ल मीर, हमज़ा रऊफ को क्रिकेटर अतुल खरे एवं अधिवक्ता एसके शुक्ला ने पुरस्कृत किया.

## मानस भवन में रामकथा कल से 6 दिसंबर तक

**भोपाल, 30 नवंबर.** मानस भवन में पं. गोरेलाल शुक्ल की स्मृति में रामकथा 2 से 6 दिसंबर तक होगी. पंडित रामकिंकरजी उपाध्याय के शिष्य पंडित उमाशंकर शर्मा 'व्यास' के प्रवचन प्रतिदिन शाम 6.30 बजे से होंगे. सोमवार को मुख्य अतिथि कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रमसिंह, 3 को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीतासरन शर्मा, 4 दिसंबर को संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र लोधी, 5 को पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, 6 दिसम्बर को राज्यमंत्री कृष्णा गौर होंगी. इस अवसर पर डॉ. लक्ष्मीनारायण गुप्त 'विश्वबंधु' स्मृति पुरस्कार, भाई रतनकुमार स्मृति पुरस्कार, जस्टिस आर.डी.शुक्ल स्मृति पुरस्कार मेधावी बच्चों को दिए जाएंगे.

# सातवानी गायन और महानाट्य अहिल्याबाई ने बांधा समां

▸ विश्वरंग-2025 के चौथे दिन रवीन्द्र भवन में सांस्कृतिक संध्या

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 30 नवम्बर. विश्वरंग 2025 के चौथे दिन रवीन्द्र भवन परिसर में उत्तर-रंग के तहत आयोजित सांस्कृतिक संध्या संगीत और रंगकर्म की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए यादगार रही. कार्यक्रम में पहले सातवानी गायन और इसके बाद लोकमाता अहिल्याबाई होलकर पर आधारित महानाट्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया.**



संध्या की शुरुआत राजीव सिंह और साथियों के सातवानी गायन से हुई, जिसमें सांसों की माला, मन लागो मेरो यार फकीरी में, काहे को ब्याही विदेश और दुनिया में बादशाह है जैसी रचनाओं ने वातावरण को भावपूर्ण बना दिया. अंजनी सभागार में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित महानाट्य अहिल्या रूपेण संस्थिता का मंचन हुआ. वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. साधना बलवटे द्वारा लिखित और प्रियंका शक्ति ठाकुर के निर्देशन में प्रस्तुत यह नाट्य 18वीं सदी की अद्वितीय नायिका अहिल्याबाई के जीवन, न्याय-व्यवस्था, प्रशासनिक कौशल और जनसेवा की भावना को प्रभावशाली ढंग से सामने लाया.

## एक नजर में



### सेंट जोन्स चर्च में मनाया क्रिसमस महोत्सव

**भोपाल, 30 नवंबर.** सेंट जोन्स चर्च में प्रभु यीशु के आगमन का पहला रविवार क्रिसमस महोत्सव के रूप में मनाया गया, जिसमें कराल के गीत गाए गये. रेव अनिल मार्टिन ने कहा कि प्रभु यीशु के आने के साथ प्रेम सेवा और आनंद का संदेश, भाई चारा और सर्वधर्म समभाव की भावना से प्रभावित होकर हम सब की अगुवाई करें. जनहित में नैतिक आचरण, आध्यात्मिक उन्नति को प्राथमिकता दें. ये ही क्रिसमस का संदेश है.

### गीता महोत्सव में कृष्णायन की प्रस्तुति आज

**भोपाल, 30 नवंबर.** गीता जयंती के अवसर पर सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है. रवीन्द्र भवन के हंसध्वनि सभागार में आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम में भोपाल के कथाकार मोहित शेवानी कृष्णायन की प्रस्तुति देंगे. इसमें मोहित आर्टिफिशियल इटेंलीजेंस का उपयोग करते हुए कृष्णायन की सांगीतिक प्रस्तुति से संगीत प्रेमियों को भारत के सांस्कृतिक वैभव से परिचित करायेंगे. मोहित ने बताया कि कृष्णायन भगवान श्रीकृष्ण और मध्यप्रदेश की कहानी पर केंद्रित है. मप्र संस्कृति विभाग के वीर भारत न्यास की ओर से संयोजित इस सांस्कृतिक प्रस्तुति के क्रम में बैंगलोर के डॉ. सलाउद्दीन पाशा के निर्देशन में गीता ऑन व्हील्स की प्रस्तुति होगी. इसके साथ ही विश्व गीता प्रतिष्ठानम् की ओर से श्रीमद्भगवद्गीता नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी जाएगी. कार्यक्रम में गौ और गोपाल पर केन्द्रित चित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी. खास बात यह है कि इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में दोपहर 1 बजे श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सस्वर पाठ होगा. अन्य प्रस्तुतियां शाम 6 बजे शुरू होंगी.

# मरीजों को जरूरी जानकारी देगा एम्स का न्यूज लेटर

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 30 नवम्बर. एम्स ने अपना त्रैमासिक न्यूजलेटर चितरावन जारी किया है. इस न्यूजलेटर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि अब आम जनता, मरीज, विद्यार्थी और शोधकर्ता एम्स में होने वाले महत्वपूर्ण कामों, नई शुरुआतों और सुविधाओं की जानकारी सरल और साफ भाषा में पढ़ सकेंगे.**



संस्थान का कहना है कि चितरावन केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि लोगों तक सही और उपयोगी स्वास्थ्य जानकारी पहुंचाने का माध्यम है. इसमें अस्पताल में शुरू हुई नई सेवाओं, उपचार सुविधाओं, तकनीकी सुधारों और सामुदायिक स्वास्थ्य से जुड़ी गतिविधियों का विस्तृत विवरण शामिल किया गया है. न्यूजलेटर से मरीजों को यह समझने में आसानी होगी कि अस्पताल में उनके लिए कौन सी नई सुविधाएं उपलब्ध हुई हैं और इलाज की प्रक्रिया में क्या सुधार हुए हैं. इसके साथ ही विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को भी एम्स में चल रहे रिसर्च और अकादमिक गतिविधियों की अपडेट मिलती रहेगी.

एम्स की टीम का कहना है कि इस पहल से स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी साथ ही मरीजों को भरोसेमंद जानकारी देने के लिए चितरावन जैसे प्रयास आगे भी जारी रहेंगे.

# विश्व विकलांगता दिवस पर दिव्यांग बच्चों को मिलेगा मंच

▸ सरकार खेल और सांस्कृतिक प्रतिभा निखारने देगी अवसर

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 30 नवम्बर. विश्व विकलांगता दिवस पर प्रदेश सरकार दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए जिला स्तर पर विशेष खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है. यह कार्यक्रम तीन दिसंबर बुधवार को पूरे मध्यप्रदेश में समग्र शिक्षा के तहत आयोजित होंगे.**

इससे दिव्यांग बच्चों को समान अवसर मिलेगा, उनकी प्रतिभा सामने आएगी और खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से उनका आत्मविश्वास और भविष्य मजबूत हो सकेगा. हर जिले को एक लाख बीस हजार रुपये की राशि जारी कर इस कार्यक्रम को बेहतर तरीके से आयोजित किया जायेगा.

कार्यक्रम के लिए ऐसे स्थान चुने जाएंगे जहां दिव्यांग विद्यार्थियों की पहुंच सहज हो. साथ ही कार्यक्रम स्थल पर प्रकाश, भोजन, शौचालय और बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी. डीपीआई द्वारा विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि दिव्यांग बच्चों का पंजीयन पूरा किया जाए और उनकी प्रतियोगिताओं व उपलब्धियों का रिकॉर्ड रखा जाए. कार्यक्रम में बच्चों को अभिभावकों और शिक्षकों के साथ आने की अनुमति होगी. साथ ही उन्हें लाने ले जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था भी अनिवार्य रहेगी. प्रतियोगिताओं में दौड़, गोला फेंक, कुर्सी दौड़, नींबू दौड़, चित्रकला, भाषण, कविता, गायन, नृत्य, मेहंदी, रंगोली और फैंसी ड्रेस जैसी गतिविधियां शामिल रहेंगी. इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को एक्सपोजर विजिट पर ले जाया जाएगा. जहां बच्चे ऐतिहासिक स्थलों, संग्रहालयों, विश्वविद्यालयों, उद्योगों और अन्य प्रेरणादायक जगहों का भ्रमण कर सकेंगे.

## सहायक पंजीयक परीक्षा की उत्तर कुंजी जारी

**भोपाल, 30 नवंबर.** मप्र लोक सेवा आयोग ने सहायक पंजीयक परीक्षा 2024 की उत्तर कुंजी जारी कर दी हैं. इस परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी उत्तर कुंजी डाउनलोड करके अभ्यर्थी अपने प्रश्नों और उत्तरों का मिलान कर सकते हैं तथा यदि किसी उत्तर पर आपत्ति हो तो निर्धारित तिथि के भीतर ऑनलाइन आपत्ति दर्ज कर सकते हैं.आयोग ने उत्तर कुंजी पीडीएफ प्रारूप में जारी की है, जिसे डाउनलोड करने के लिए किसी भी लॉगिन की जरूरत नहीं होगी.

# एयरपोर्ट कर्मचारी संगठन ने मेले में दिया योगदान

**भोपाल, 30 नवंबर. भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण एससी-एसटी इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन राजा भोज एयरपोर्ट भोपाल द्वारा सांची बौद्ध उत्सव मेले में भोजन दान का कार्यक्रम रविवार को संपन्न हुआ. कार्यक्रम के दौरान भोपाल एयरपोर्ट के एससी एसटी एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया.**




प्रमुख रूप से उपस्थित सागर बोरकर, नरेंद्र ढोकने, डी एस वर्मा, अल्पना पाटिल, शालिनी भैंसारे, सुनील बांसोड़, नितिन कुमार चौकीकर, सुरेंद्र सूत्रकार, अशोक गोडबोले, अजय साद, विपिन मेहरा, भूपेंद्र रामटेक, कुमोद कांत सिंह, सचिन मडंरई सहित सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया.

## 10 वीं, 12 वीं की प्री-बोर्ड परीक्षाएं 5 जनवरी से

**भोपाल, 30 नवंबर.** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 10 वीं और 12 वीं की प्री-बोर्ड परीक्षाएं 5 जनवरी से शुरू होंगी. स्कूल शिक्षा विभाग ने परीक्षा की समय सारिणी और दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं. खास बात यह है कि हर दिन परीक्षा समाप्त होने के बाद अगले दिन होने वाले विषय की तैयारी कराई जाएगी. इससे विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा के पैटर्न के अनुसार अभ्यास कर सकेंगे. प्री-बोर्ड के प्रश्न पत्र माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी अंक योजना और बोर्ड परीक्षा पैटर्न पर आधारित होंगे. मंडल का कहना है कि इससे विद्यार्थी निर्धारित समय में प्रश्न हल करने का अभ्यास करेंगे.

प्रतियोगिता ▸ अंतर विश्वविद्यालय केंद्रीय युवा उत्सव 2025-26

# माइम विधा में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय प्रथम

**भोपाल, 30 नवंबर. एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटी (एआईयू) द्वारा आयोजित अंतर विश्वविद्यालय केंद्रीय युवा उत्सव 2025-26 में शामिल 30 विश्वविद्यालय में से बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल की टीम द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए माइम विधा में प्रथम स्थान प्राप्त किया.**

कार्टूनिंग में तृतीय, संपूर्ण रंगमंचीय विद्या में द्वितीय, पोस्टर मेकिंग में चतुर्थ स्थान, सामूहिक नृत्य में पांचवां, क्ले मॉडलिंग और वक्तृत्व में पांचवां स्थान प्राप्त किया. इस केंद्रीय क्षेत्रीय युवा उत्सव का आयोजन एमजीएम विश्वविद्यालय, छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) में



स्थित निजी, स्व-वित्तपोषित राज्य विश्वविद्यालय में किया गया. टीम के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कुलगुरु प्रोफेसर एस.के. जैन ने टीम को बधाइयां दी. उन्होंने कहा आज की युवा शक्ति के अंदर कई प्रतिभाएं छिपी होती है, हमारा कार्य उन प्रतिभाओं को निखार कर उनका भविष्य संवारना है.

# सम्मेलन के लिए अब तक 4500 रजिस्ट्रेशन

## जैन समाज का देश का सबसे बड़ा तीन दिनी परिचय सम्मेलन 13 दिसंबर से

**भोपाल, 30 नवंबर. राजधानी भोपाल में जैन समाज का सबसे बड़ा अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 13 से 15 दिसंबर तक होने जा रहा है. इस सम्मेलन के लिए अब तक लगभग 4500 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं. यह जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी सुनील जैनाविन ने रविवार को जवाहर चौक स्थित कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक में दी.**

उन्होंने बताया रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 5 दिसंबर है. रजिस्ट्रेशन कराने वालों में अप्रवासी भारतीयों की संख्या अधिक है, जिसमें चार्टर्ड अकाउंटेंट, डॉक्टर एडवोकेट, इंजीनियर के साथ-साथ मल्टीनेशनल कंपनी में कार्यरत युवा शामिल हैं. उन्होंने बताया आयोजन समिति ने सम्मेलन की तैयारी प्रारंभ कर दी है. बैठक में अध्यक्ष मनोहर टोंग्या, नरेंद्र टोंग्या, अशोक जैन, सुनील पटेल, विनोद इंजीनियर, मयंक जैन, नरेंद्र वंदना, पीसी सेठी आदि मौजूद थे.

उन्होंने बताया कि सर्वाधिक प्रविष्टि वाला ये परिचय सम्मेलन अपने आप में देश के संपूर्ण जैन समाज का परिवार बन गया है. उन्होंने बताया कि सुविधा युक्त परिचय सम्मेलन में आने वाले युवाओं और उनके परिवारजनो को आवास, भोजन सहित संपूर्ण सुविधाएं दी जाती हैं. जैनाविन ने बताया परिचय सम्मेलन के लिए संपूर्ण सुविधा के साथ-साथ आने वाले विवाह योग्य वर वधुओं के और उनके परिवार जनों के लिए समुचित व्यवस्थाओं के लिए आयोजन समिति अपने स्तर पर तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं. समिति अध्यक्ष मनोहर लाल टोंग्या की अगुवाई में संपूर्ण समिति सिलसिले बार जिम्मेदारियां के साथ अपने कार्यों का निर्वहन कर रही है. उन्होंने बताया बहुरंगी स्मारिका, जिसमें सभी युवाओं का परिचय तो रहता ही है, यह ऑनलाइन भी उपलब्ध रहती है, जिसे देश-विदेश में कहीं पर भी देखा जा सकता है.

### अशोका गार्डन जैन मंदिर में अभिषेक, शांति विधान

**भोपाल, 30 नवंबर.** अशोका गार्डन जैन मंदिर में आचार्य गुरुवर विद्यासागर महा मुनिराज के शिष्य मुनिश्री निर्वेग सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में विश्व में शांति के लिए शांति विधान एवं गुरुदेव की पूजन संपन्न हुई. रविवार को प्रात: भगवान का अभिषेक, शांति धारा एवं मुनि श्री के प्रवचन के साथ ही गुरुदेव की संगीतमय पूजन हुई. समाज के मीडिया प्रभारी अशोक जैन सारणी ने बताया कि कार्यक्रम में पंचायत कमेटी चौक ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं अशोका गार्डन जैन समाज के अध्यक्ष सच्चेन्द्र जैन गुड्डू भैया, महिला मंडल अध्यक्ष अनीता जैन एवं सुबोध जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे.